**MADHAV INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND SCIENCE, GWALIOR**
(An Govt. Aided UGC Autonomous & NAAC Accredited Institute Affiliated to RGPV, Bhopal,M.P.)

Ref. No. AUT/22/2865 Dated: 27/01/2022

# सूचना

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2022 / 93 भोपाल, दिनांक 11 / 01 / 2022 (प्रति संलग्न) के अनुसार समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के **एन.एफ.टी.ई.** छात्रों को दो विशेष अनुकंपा अवसर प्रथम दिसम्बर–जनवरी,2022 तथा द्वितीय अवसर मई–जून, 2022 में प्रदाय किये जा रहे है। ऐसे **एन.एफ.टी.ई.** छात्र जो इस अनुकंपा अवसर का लाभ लेना चाहते हो संलग्न शपथ पत्र 100/– के नॉन ज्यूडिशियल पेपर तथा परीक्षा फार्म के साथ दिनांक 14 फरवरी 2022 तक परीक्षा शाखा में प्रस्तुत करें। इसके बाद प्रस्तुत किये गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

27/1/22
(डॉ. पी. के. सिंघल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–

1. निदेशक कार्यालय
2. डीन एकेडेमिक
3. समस्त विभागाध्यक्ष
4. रजिस्ट्रार
5. डीन छात्र कल्याण
6. बेव मैनेजर
7. समस्त सूचना पटल

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033
दूरभाष क्रमांकः 0755–2678855 फैक्स क्रमांक : 0755– 2678837


क्रमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2022/93 भोपाल, दिनांक : 11/01/2022

प्रति,

प्राचार्य/संचालक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय : विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के एन.एफ.टी.ई. के छात्रों को दो विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान करने के संबंध में।

**संदर्भ : विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक एफ–5/शैक्षणिक/रागांप्रौवि/2022/155 दिनांक 07/01/2022**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त तकनीकी संस्थाओं के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों यथा बीई/बी.फार्मेसी/बी.आर्क/एम.सी.ए./एम.ई./एम.टेक/एम.फार्मेसी के अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों, जो विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रम को अधिकतम सीमा में पूर्ण नहीं कर पाए हैं। ऐसे समस्त एन.एफ.टी.ई. के छात्रों को विश्वविद्यालय की संदर्भित अधिसूचना के अनुसार दो विशेष अनुकम्पा का प्रथम अवसर दिसंबर–जनवरी–2022 एवं द्वितीय अवसर मई–जून–2022 में प्रदाय किये जा रहे हैं। ऐसे एन.एफ.टी.ई. के लंबित प्रकरणों से संबंधित छात्रों के लिए यह अंतिम अवसर होगा।

ऐसे अनुत्तीर्ण छात्र इस विशेष अनुकंपा अवसर का लाभ लेने हेतु शपथ–पत्र संचालक/प्राचार्य के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता को भेजें। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई प्रक्रिया के अंतर्गत संलग्न प्रारूप में रू.100/– नॉन ज्यूडिशियल, स्टाम्प पर शपथ पत्र, एवं परीक्षा आवेदन पत्र जो इस विचार क्षेत्र की परिधि में आते हैं, अग्रेषित किये जावें। इसके साथ ही यदि छात्र के अध्ययन में दो या दो से अधिक वर्षो का शैक्षणिक अंतराल (गेप) रहा है तो शपथ–पत्र के साथ नॉन ज्यूडिशियल रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर गेप सर्टिफिकेट भी पृथक से प्राचार्य/संचालक द्वारा सत्यापित करवाकर प्रस्तुत करें।

महाविद्यालय आर.जी.पी.वी. पोर्टल पर पंजीकृत (रजिस्टर्ड) छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र संस्था संचालक/प्राचार्य द्वारा ऑनलाइन सत्यापित कर विश्वविद्यालय को अग्रेषित करेंगे, तदोपरांत छात्रों द्वारा ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण की जावेगी, जिसकी **अंतिम तिथि 31/01/2022** है। जिससे संबंधित छात्रों को विशेष अनुकंपा अवसर का लाभ देने के लिए आगामी कार्यवाही की जा सके।

उक्त अधिसूचना के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा माह दिसंबर–जनवरी–2022 से विभिन्न पाठ्यक्रमों की आयोजित होने वाली परीक्षाओं में ऐसे छात्र सम्मिलित हो सकेंगे। ऐसे छात्रों को विभिन्न विषयों की परीक्षा वर्तमान में संचालित हो रहे विषयों या समतुल्यता (वर्तमान विषय) के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

नोटः– उपरोक्त अनुसार संबंधित छात्रों को अविलंब सूचित करें।
संलग्नः शपथ–पत्रों के प्रारूप (अनुकंपा अवसर एवं गेप)

**माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।**

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

क्रमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2022/94 भोपाल, दिनांक : 11/01/2022

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव/माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. कुलसचिव, रा.गां.प्रौ.वि., भोपाल।
03. उप कुलसचिव/उप नियंत्रक (परीक्षा), रा.गां.प्रौ.वि., भोपाल।
04. संचालक/प्राचार्य, समस्त संबद्ध तकनीकी स्वशासी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश (भोपाल, विदिशा, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर) की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
05. विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त नोडल प्रभारी/ आंचलिक केन्द्र प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
06. विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त यू.टी.डी. महाविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
07. प्रभारी, कंप्यूटर केन्द्र (परीक्षा), रा.गां.प्रौ.वि., भोपाल।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

04
17/1/2022

# शपथ–पत्र का प्रारुप

**(विशेष अनुकंपा अवसर अधिसूचना अनुसार)**

छात्र/छात्रा का नाम........................................................................पिता का नाम........................................................आयु.............. वयस्क, निवास/पता..................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................मैं शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि:–

01. मैं संस्था.........................................................................................................................का छात्र हूँ, मेरा रोल नं0/नामांकन क्रमांक ...............................................................................।

02. मैंने विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप अधिकतम सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाया हूँ इसलिये मैं NFTE का छात्र/छात्रा हूँ।

03. विश्वविद्यालय के **अधिसूचना क्रं./एफ–5/शैक्षणिक/रागाप्रौवि./2022/155 दिनॉक 07/01/2022** के अनुसार NFTE के प्रकरण से सम्बंधित छात्र/छात्रा के रुप में यह मेरा अंतिम अनुकंपा अवसर होगा।

04. मैं NFTE छात्र/छात्रा हूँ। विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार विचार क्षेत्र की परिधि में आता/आती हूँ।

05. मेरा संस्था में नियमानुसार अधिकृत रूप से प्रवेश था।

06. वर्तमान में परीक्षा सत्र ....................................की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ।

07. बिंदू क्र 03 के अनुसार यह मेरे लिये अंतिम अवसर होगा भविष्य में इस अवसर को उदाहरण के रूप में किसी भी प्रकार की दावेदारी/वैधानिक कार्यवाही नहीं करूँगा/करूगी।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर**

## संचालक/प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जावे

मैं सत्यापित करता/करती हूँ कि छात्र/छात्रा का नाम...........................................................................रोल नं0/नामांकन क्रमांक..................................सेमेस्टर........................................................परीक्षा सत्र.................................................के लिये आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी सत्य व सही प्रमाणित है। विश्वविद्यालय के अधिसूचना क्रं./एफ–5/शैक्षणिक/रागाप्रौवि./2022/155 दिनॉक 07/01/2022 के अनुसार NFTE के प्रकरण से सम्बंधित छात्र/छात्रा के लिये अंतिम अनुकंपा अवसर होगा।

**हस्ताक्षर/पदनाम सील सहित**

* उक्त शपथ पत्र 100/–रु के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर एवं संस्था के संचालक/प्राचार्य से सत्यापित न होने पर अमान्य होगा।

# शपथ–पत्र का प्रारुप

**(शैक्षणिक अंतराल/गैप हेतु)**

छात्र/छात्रा का नाम.................................................................पिता का नाम..........................................आयु.............

वयस्क, निवास/पता......................................................................................................................................

..............................................................................................................................मैं शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि:–

01. यह कि मैं संस्था............................................................................................का छात्र/छात्रा हूँ, मेरा रोल नं0/नामांकन क्रमांक........................................................है।

02. मैंने विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप अधिकतम सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाया/पाई हूँ इसलिये मै फिर से प्रवेश की अनुमति चाहता/चाहती हूँ।

03. यह कि मेरे द्वारा सत्र........................... तक अध्ययन करने के पश्चात् मेरे निजी कारण से मेरे अध्ययन में ऑज दिनॉक तक का शैक्षणिक अंतराल/गैप है।

04. मेरे द्वारा वर्णित शैक्षणिक अंतराल/गैप के समय कोई भी न्यायलीन प्रकारण नही है, एवं उक्त अवधि में किसी भी अन्य महाविद्यालय में अध्ययनरत् नही था एवं गैप अवधि में किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश नही लिया है।

05. मेरा संस्था में नियमानुसार अधिकृत रूप से प्रवेश था।

06. वर्तमान में परीक्षा सत्र ..................................की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ।

07. यह कि यह शपथ पत्र मेरे शिक्षा क्षेत्र में आये अंतराल (गैप) के संबंध में आवश्यक होने से प्रस्तुत किया जा रहा है।

08. उपरोक्त शपथ पत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि.............................................. में प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर**

## संचालक/प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जावे

मैं सत्यापित करता हूँ कि छात्र/छात्रा का नाम........................................................................................रोल नं0/नामांकन क्रमांक........................................................सेमेस्टर..................................परीक्षा सत्र...............................................के लिये आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी सत्य व सही प्रमाणित है। यह मेरे द्वारा सत्यापित किया जाता है।

**हस्ताक्षर/पदनाम सील सहित**

* उक्त शपथ पत्र 100/–रु के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर एवं संस्था के संचालक/प्राचार्य से सत्यापित न होने पर अमान्य होगा।